कवर्धा ज़िला अस्पताल को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण-पत्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के कबीरधाम ज़िला अस्पताल को मरीज़ों को बेहतर इलाज और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण-पत्र (एनक्यूएएस) प्रदान किया है।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही कबीरधाम राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण-पत्र पाने वाला प्रदेश का 10वाँ ज़िला बन गया है। प्रदेश के 9 ज़िला अस्पतालों- कोरबा, जशपुर, रायपुर, कांकेर, महासमुंद, बलौदाबाज़ार, मुंगेली, नारायणपुर और बीजापुर को भारत सरकार द्वारा पहले ही इस प्रमाण-पत्र से नवाजा जा चुका है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा कवर्धा ज़िला अस्पताल के 12 विभिन्न विभागों के निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाए जाने पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। टीम ने विगत मई माह में वहाँ ओपीडी, लेबर रूम, मैटरनिटी वार्ड, पीडियाट्रिक वार्ड, एसएनसीयू, एनआरसी, ऑपरेशन थियेटर, पीपी यूनिट, आईपीडी, ब्लडबैंक, लैबोरेटरी और जनरल एडमिनिस्ट्रेशन विभाग का निरीक्षण किया था।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत राज्य के अस्पतालों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और मरीज़ों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिये स्वास्थ्यकर्मियों के नियमित प्रशिक्षण के बाद संस्था का आंतरिक तथा राज्यस्तरीय मूल्यांकन, सेवा प्रदाय ऑडिट तथा मरीज़ संतुष्टि सर्वे की प्रक्रिया की जाती है।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने से पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के विशेषज्ञों की टीम द्वारा ज़िला अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का कई मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही भारत सरकार द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kawardha-district-hospital-got-national-quality-assurance-certificate